# बिहार सरकार

# वित्त (अंकेक्षण) विभाग

# बिहार पटना।

अंकेक्षण प्रतिवेदन संख्या :– 21/14–15

(1) परिचयात्मक :–

(क) अंकेक्षित लेखा का नाम – प्रखण्ड विकास कार्यालय, सहरसा।

(ख) अंकेक्षण का लेखावधि – वर्ष 2010–11 एवं 2011–12

(ग) प्रशासी विभाग का नाम – ग्रामीण विकास विभाग।

(घ) अंकेक्षित अवधि के नियंत्री पदा0 का नाम, पदनाम एवं कार्यकाल – जिला पदाधिकारी, सहरसा।

(ड़) अंकेक्षणा अवधि में लेखा प्रभारी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों का नाम एवं कार्यकाल :–

| | |
|---|---|
| 1. प्रखण्ड विकास पदाधिकारी :– | 1. श्री विजय कुमार उपाध्याय 1.4.10 से 03.04.10 |
| | 2. श्री केशव कुमार झा 4.4.10 से अद्यतन् |
| 2. प्रधान लिपिक :– | 1. श्री तारिणी साह 29.01.09 से अद्यतन् |
| 3. प्रखण्ड नाजीर :– | 1. मो0 कासिम कादीर 01.02.10 से अद्यतन् |

**(च) अंकेक्षण में सहयोग देनेवाले**

**पदा0 / कर्मचारियों का नाम एवं पदनाम** – 1. श्री तारिणी साह , प्रधान लिपिक

2. श्री मो0 कासिम कादीर प्रखण्ड नाजीर

**(छ) वरीय अंकेक्षकों के नाम** –

1. श्री नन्द किशोर सिंह, व0 अं0– 1

2. श्री अजय कुमार ,व0 अं0–2

**(ज) अंकेक्षण प्रारंभण तिथि** – दि0 04.04.13

**(झ) अंकेक्षण समाप्ति तिथि** – दि0 18.09.13

**(ञ) अंकेक्षण में व्यतीत कार्य दिवस** – 60 कार्य दिवस

**(ट) अंकेक्षण में प्रस्तुत एवं अप्रस्तुत अभिलेखों की सूची :–**

अंकेक्षण प्रतिवेदन के परिशिष्ट 'क' पर अंकित हैं।

**(2) अंकेक्षण का क्षेत्र –**

(1) वित्त (अंकेक्षण) विभाग ज्ञापांक 3286 दिनांक 15.9.60 में निहित अनुदेशों के परिपेक्ष्य में इस कार्यालय के लेखा वर्ष 10–11 एवं 11–12 का सामान्य अंकेक्षण प्रस्तुत अभिलेखों के आधार पर सम्पन्न किया गया।

अंकेक्षणावधि में कोषागार से निकासी एवं जमा की गई राशियों का शत् प्रतिशत सत्यापन किया गया एवं सही पाया गया।

(2) पूर्व के अंकेक्षण प्रतिवेदन की कंडिकाओं का निराकरण :–

अंकेक्षण अवधि में पूर्व का अंकेक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे कंडिकाओं का निराकरण नहीं किया जा सका।

(3) वित्तीय समीक्षा :–

इस कार्यालय के लेखा वर्ष 10–11 एवं 11–12 में स्थापना व्यय से सम्बन्धित विभिन्न शीर्षोन्तर्गत आवंटन एवं व्यय विवरणी परिशिष्ट 'ख' पर दी गई हैं। वित्तीय वर्ष 10–11 में बड़ी राशि का प्रत्यापर्ण किया गया था। जो बजट निर्माण करने में लापरवाही का धोतक है अगर इतनी बड़ी राशि सरकारी कोष में रहती तो इसे अन्य कार्यों में लगायी जाती।

योजना मद में यथा कबीर अन्तेयष्ठि कन्या विवाह आदि योजनान्तर्गत वर्ष 10–11 में आवंटन का व्यय किया पाया गया।

वर्ष 10–11 एवं 11–12 में बी0 आर0 जी0 एफ0 मद में प्राप्त आवंटन के अन्तर्गत निकासी कर की गई थी शेष राशि रोकड़ पुस्त में पड़ी हुई थी। उसी प्रकार इंदिरा आवास योजनान्तर्गत में भी वर्ष 10–11 एवं 11–12 में प्राप्त आवंटन के अन्तर्गत निकासी कर व्यय की गई थी शेष राशि सहायक रोकड़ पुस्त में संवरण शेष के रूप में पड़ी थी। पूर्ण विवरणी परिशिष्ट 'ग' में दर्शायी गयी हैं।

2. रोकड़ का भौतिक सत्यापन :–

वित्त (अंकेक्षण) विभागीय ज्ञापांक 503 दिनांक 29.01.76 के आलोक में अंकेक्षण प्रारम्भण तिथि दिनांक 04.04.13 के सामान्य रोकड़ पुस्त के संवरण शेष का अंकेक्षण के समक्ष भौतिक सत्यापन हेतु मौखिक एवं लिखित अनुरोध किया गया जिसका कोई लिखित अनुपालन नहीं किया गया। उच्चाधिकारी का ध्यान उपरोक्त दिशा में आवश्यक कार्रवाई एवं

रोकड़ का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित कराने की ओर विशेष रूप से आकृष्ट किया जाता हैं। फलाफल से वित्त (अंकेक्षण) विभाग बिहार, पटना को सूचित किया जाय।

3. वित्तीय वर्ष के अन्त में रोकड़ के संवरण शेष की स्थिति :–

दिनांक 1.4.10 का प्रारम्भण शेष – 80964782.25

दिनांक 31.3.11 का संवरण शेष – 93825981.25

दिनांक 1.4.11 का प्रारम्भण शेष – 93825981.25

दिनांक 31.3.12 का संवरण शेष – 102186872.25

दिनांक 31.3.11 एवं 31.3.12 का मदवार एवं बैंकवार विवरणी सामान्य रोकड़ पुस्त पर अंकित की गयी थी जो परिशिष्ट 'ग' पर अंकित हैं। सामान्य रोकड़ पुस्त के वित्तीय वर्ष के अन्त में दर्शायी गयी उपरोक्त विवरणी से स्पष्ट है कि रोकड़ का एक विशाल राशि संवरण शेष में पड़ी हुई थी जो बिहार कोषागार संहिता के नियमावली 300 के अनुसार वित्तीय अनियमिता तो है ही इससे गबन/दुर्विनियोग की संभावना भी बनी रहती हैं। साथ ही संवरण शेष के रूप में ऐसी भी योजना की राशि शामिल है जो वर्त्तमान में व्यवहार में बन्द है तथा कई वर्ष पूर्व संवरण शेष के रूप में अत्यवहृत हैं। अतः इस राशि को भी कोषागार में जमा करने योग्य हैं। इस सम्बन्ध में उच्चाधिकारीयों का ध्यान आकृष्ट किया जाता हैं।

4. लक्ष्य एवं उपलब्धि :–

इस कार्यालय की स्थापना का मुख्य उद्धेश्य प्रखण्डान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के लोगो का सर्वागीण विकास करना है, इसके लिए गॉवो में सड़क का निर्माण भवन निर्माण पेयजल की व्यवस्था शिक्षा का प्रसार, सिंचाई का प्रबन्ध एवं गृह विहीन लोगो को इंदिरा आवास

योजनान्तर्गत आवास उपलब्ध कराना हैं। लेकिन वर्ष 10–11 एवं 11–12 तथा इसके पूर्व की योजनाओं पर अभिकर्त्ताओं को भारी राशि अग्रिम भुगतान के बाबजूद योजनाएँ अपूर्ण एवं बंद पायी गई। इस प्रकार सरकारी लक्ष्य के विरूद्ध इस कार्यालय द्वारा उपलब्धि प्राप्त नहीं की गई थी। उच्चाधिकारी का ध्यान इस ओर विशेष रूप से आकृष्ट किया जाता हैं।

(5) स्वीकृत बल एवं कार्यरत बल

स्थापना मद 2515(102)

| क्र0 सं0 | ईकाई | स्वीकृत बल | कार्यरत बल | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड विकास पदा0 | 01 | 01 | शून्य |
| 2 | प्रधान सहायक सह लेखापाल | 01 | 01 | शून्य |
| 3 | सहायक | 03 | 03 | शून्य |
| 4 | लेखा लिपिक | 01 | 01 | शून्य |
| 5 | प्र0 कृ0 पदा0 | 01 | 01 | शून्य |
| 6 | प्र0 सा0 पर्य0 | 01 | 01 | शून्य |
| 7 | प्र0 क0 अभि0 | 01 | शून्य | 01 |
| 8 | प्र0 कल्याण पदा0 | 01 | शून्य | 01 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9 | प्र0 पशु0 पदा0 | 01 | शून्य | 01 |
| 10 | झारूदार | 01 | शून्य | 01 |
| 11 | अनुसेवक | 02 | 02 | शून्य |
| 12 | चालक | 01 | 01 | शून्य |

राजभाषा कर्मियों 2053

| क्र0 सं0 | इकाई | स्वीकृत बल | कार्यरत बल | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उर्दू अनुवादक | 01 | 01 | शून्य |
| 2 | हिन्दी टंटक | 01 | 01 | शून्य |
| 3 | सहायक उर्दू अनुवादक | 01 | 01 | शून्य |

पंचायत स्थापना शीर्ष 2515 (101)

| क्र0 सं0 | इकाई | स्वीकृत बल | कार्यरत बल | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्र0 पं0 राज पदा0 | 01 | शून्य | 01 |
| 2 | पंचायत सचिव | 15 | 07 | 08 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | अनुसेवक | 01 | 01 | शून्य |

स्वीकृत कार्यबल सूची से स्पष्ट है कि प्रखण्ड के महत्वपूर्ण पद यथा प्रखण्ड कनीय अभियंता का पद रिक्त है जिसमें योजना से सम्बन्धित कार्य बाधित है जिससे योजना से सम्बन्धि कार्य का अनुश्रवण नहीं हो पाता हैं। उसी प्रकार प्र0 कल्याण पदा0, प्रखण्ड पशुपालन पदा0 का भी पद रिक्त हैं। इस दिशा में उच्चाधिकारी का ध्यान आकृष्ट किया जाता है कि रिक्त पद भरने की कार्रवाई की जाय, जिससे प्रखण्ड का कार्य सुचारू रूप से पूर्ण किया जा सके।

## भाग–2

**(6) रू0 510000.00 इंदिरा आवास योजनान्तर्गत राशि का संभावित दुर्विनियोग :–**

इंदिरा आवास योजना की जाँच में पाया गया कि पंचायतों का जिला द्वारा प्रदत सूची (बी0 पी0 एल0– 07–10) के अन्तर्गत कई लाभार्थी को वर्ष 11–12 में इंदिरा आवास आवंटित की गयी थी, लेकिन पंचायत सेवक द्वारा जाँचोपरान्त अभ्युक्ति स्तम्भ में लाभार्थी के सम्बन्ध में टिप्पणी की गयी थी कि सम्बन्धित लाभार्थीयों को पूर्व के वर्षो में भी इंदिरा आवास आवंटित की ज़ा चुकी थी। इस प्रकार पुनः वर्ष 11–12 में उसी सामर्थी को मिली भगत से इंदिरा आवास आवंटित कर रू0 510000.00 का दुविर्नियोग कर बंदरबाट कर लिया गया प्रतीत होता हैं। अतएव इस बिन्दु पर उच्चाधिकारियों को ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना है कि वास्तविकात की जाँच कर दुर्विनियोग/वसूली सहित उचित कारवाई की जाय

तथा फलाफल से वित्त (अंकेक्षण) विभाग, बिहार, पटना को भी सूचित किया तबतक यह राशि संभावित दुर्विनियोग के रूप में रखा जाता हैं।

(7) अयोग्य लाभार्थी को रू0 30000.00 इंदिरा आवास योजनान्तर्गत राशि का भुगतान वसूली योग्य :–

इंदिरा आवास योजनान्तर्गत लेखा वर्ष 10–11 एवं 11–12 की जाँच में पाया गया कि पंचायत वनगाँव (उत्तरी) के लाभार्थी श्री वैधनाथ साह, पिता– श्री तीरथ साह, बी0 पी0 एल क्रमांक 169 को दिनांक 31.08.10 को इंदिरा आवास हेतु प्रथम किस्त के रूप में रू0 30000.00 का भुगतान किया गया था, लेकिन बी0 पी0 एल सूची (हस्तलिखित) में पंचायत सेवक द्वारा अभ्युक्ति स्तम्भ में सम्बन्धित लाभार्थी के सम्बन्ध में जाँच कर टिप्पणी की गयी थी कि उपरोक्त लाभार्थी को पूर्व से ही पक्का मकान हैं। इसके बाद भी उक्त टिप्पणी को नजरअंदाज कर लाभार्थी को इंदिरा आवास आंवटित कर भुगतान कर दिया गया। इस प्रकार सपष्ट है कि नियम की अवहेलना कर आयोग्य लाभार्थी को आवास आवंटित कर सरकारी राशि रू0 30000.00 का भुगतान किया गया जिसे सम्बन्धित व्यक्ति से वसूल कर संबंधित कोष जमा किया जाय। उच्चाधिकारी का इस ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए दोषी व्यक्ति पर कारवाई फलाफल से वित्त (अंकेक्षण) विभाग को भी की गई कार्रवाई से अवगत कराया जाय।

(8) इंदिरा आवास योजनान्तर्गत रू0 450000.00 की राशि का अनियमित भुगतान वसूली योग्य :–

इंदिरा आवास योजनान्तर्गत वर्ष 10–11 एवं 11–12 की जाँच में पाया गया कि विभिन्न पंचायतों के भिन्न–भिन्न लाभार्थियों को बी0 पी0 एल0 सूची की प्रतीक्षा सूची जो जिला द्वारा प्रदत सूची (07–10) था, के अन्तर्गत जिस लाभार्थी को चयन अंतिम रूप में किया गया था उस लाभार्थी का नाम जिला द्वारा प्रदत्त सूची (07–10) में अंकित नहीं था। जो क्रम संख्या प्रतिक्षा सूची का उल्लेख चयन सूची (अंतिम) में किया गया था। उस क्रम एवं क्रमांक में अन्य लाभार्थी का नाम तथा पंचायत उल्लेखित हैं। इस प्रकार बिना प्रतीक्षा सूची के विभिन्न लाभार्थीयों को आवास आवंटित कर लाभ प्रदान किया गया , जो पूर्णतया अनियमित हैं। इस प्रकार रू0 450000.00 अनियमित भुगतान कर सरकारी राशि का दुरूपयोग किया गया। साथ ही उच्चाधिकारी की ध्यान इस ओर आकृष्ट किया जाता है, कि उपर्युक्त राशि वसूलकर एवं की गई कारवाई से वित्त (अंकेक्षण) विभाग को भी अवगत कराया जाय। पूर्ण विवरणी परिशिष्ट "ड़" में संलग्न हैं।

(9) बी0 आर0 जी0 एफ0 योजनान्तर्गत रू0 2160000.00 दिया गया अग्रिम समायोजन हेतु लम्बित :–

वर्ष 10–11 एवं 11–12 के बी0 आर0 जी0 एफ योजना की जाँच में पाया गया कि विभिन्न सरकारी अभिकत्ताओं को शौचालय एवं पक्की सड़क निर्माण हेतु बड़ी राशि अग्रिम के रूप में विभिन्न योजना के लिए दी गई थी। अभिकर्त्ताओं द्वारा एकरारनामा के अन्तर्गत निर्धारित तिथि अर्थात् 90 दिन के अन्दर कार्य को सम्पन्न करना था। जबकि योजना पंजी एवं अभिलेख की जाँच से स्पष्ट है कि अंकेक्षण समाप्ति तिथि तक इस योजना का सम्पन्न नहीं किया जा सका था। पूर्ण विवरणी परिशिष्ट "च" पर अंकित हैं।

विवरणी के अवलोकन से स्पष्ट होगा कि अंकेक्षण तिथि तक क्रमांक –1 से 10 तक के योजनाओं में कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका था तथा क्रमांक –11 से 17 तक में कार्य प्रारम्भ किया गया था परन्तु मापी नहीं की गयी थी। इस प्रकार सरकार द्वारा जो सुविधा ग्रामीणों को दी जानी थी, योजना का पूर्ण नहीं होने की स्थिति में अधूरा रह गया तथा बड़ी सरकारी राशि भी अवरूद्ध रहा।

अतएव सम्बन्धित अभिकत्ताओं से योजना पूर्व कराकर दिये गये अग्रिम की राशि 21,60,000 का समायोजन किया जाय नहीं होने की स्थिति में आवश्यक कार्रवाई करने का सुझाव दिया जाता हैं। साथ ही इस ओर उच्चाधिकारी का ध्यान विशेष रूप से आकृष्ट करते हुए फलाफल से वित्त (अंकेक्षण) विभाग, बिहार , पटना को अवगत कराया जाय।

(10) योजना अग्रिम के रूप में रू0 6708122.00 समायोजन हेतु लम्बित :–

योजना अग्रिम पंजी वर्ष 10–11 एवं 11–12 की जाँच में पाया गया कि विभिन्न योजनाओं हेतु सरकारी अभिकर्त्ताओं को अग्रिम के रूप में राशि रू0 6708122.00 का भुगतान किया गया था। यह अग्रिम योजनाओं को समय के अन्तर्गत पूर्ण करना था, लेकिन अभिकर्त्ताओं द्वारा अग्रिम राशि लेकर सरकार द्वारा जनहित के लिए सरकारी योजनाओं को पूर्ण नहीं करने से राशि आवरूद्ध हो गया जिससे सरकारी उद्धेश्यों की पूर्त्ति नहीं हो सकी। अतएव सम्बन्धित अभिकत्ताओं द्वारा विभिन्न योजनान्तर्गत ली गई अग्रिम राशि के विरूद्ध योजना पूर्ण कराकर ली गई अग्रिम राशि रू0 6708122.00 का

समायोजन किया जाय एवं फलाफल से वित्त (अंकेक्षण) विभाग, बिहार, पटना को भी अवगत कराया जाय पूर्ण विवरणी परिशिष्ट "छ" में दर्शाया गया हैं।

(11) सामान्य अस्थायी अग्रिम के रूप में रू0 12485383.00 समायोजन हेतु लम्बित :-

सामान्य अस्थायी अग्रिम पंजी वर्ष 10-11 एवं 11-12 की जाँच में पाया गया कि विभिन्न कार्य हेतु भिन्न-भिन्न कर्मचारियों को अग्रिम के रूप में राशि रू0 15485234.00 दी गयी थी, जिसका समायोजन अंकेक्षण समाप्ति तिथि तक नहीं किया जा सका था। इसकी पूर्ण विवरणी परिशिष्ट 'ग' पर दी गयी है, दिनांक 31.3.12 तक संवरण शेष में अग्रिम के रूप में रू0 33834802.25 रोकड़ पुस्त में दर्ज है- जिसमें दिनांक 1.4.10 के पूर्व की दी गयी अग्रिम की सम्मिलित है में अंकेक्षण समाप्ति तक वर्ष 2010-11 एवं 11-12 में दी गयी अस्थायी अग्रिम कुल रू0 15485234.00 के विरूद्ध अंकेक्षण तिथि तक रू0 3026851.00 का समायोजन किया पाया गया इस प्रकार 15485234-3026851.00 = 12458383.00 का वास्तविक रूप से समायोजन हेतु लम्बित है जिसके समायोजन हेतु उच्चाधिकारी का ध्यान आकृष्ट किया जाता हैं। साथ ही दिनांक 1.4.10 के पूर्व दी गयी अग्रिम राशि जो दिनांक 31.3.12 तक संवरण शेष में लम्बित है, के समायोजन/वसूली हेतु प्रशासी विभाग का ध्यान विशेष रूप से आकृष्ट किया जाता हैं।

(12) भंडार पंजी में प्रविष्टि एवं वितरण का प्रभारा नहीं रहने के कारण रू0 16629.00 आपत्ति अन्तर्गत :-

आकस्मिक अभिश्रवों की जाँच में पाया गया कि वर्ष 10-11 एवं 11-12 में विभिन्न सामग्रियों का क्रय भिन्न-भिन्न तिथियों तथा प्रतिष्ठान से अलग-अलग

तिथियों को किया गया था, लेकिन अस्थायी भंडार पंजी में अस्थायी सामग्रियों का प्रविष्टि नहीं पायी गयी साथ ही यह सामग्री किस अधिकारी/कर्मचारी को दिया गया इसका वितरण का भी उल्लेख नहीं पाया गया था, जो बिहार वित्त नियमावली भाग–1 के नियम 132 के प्रतिकूल हैं।

अएतव उच्चाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया जाता है कि वस्तुस्थिति की जाँच कर फलाफल से वित्त (अंकेक्षण) विभाग को भी अवगत कराया जाय। इस संदर्भ में पूर्ण विवरणी परिशिष्ट ''झ'' में दर्शाया गया हैं।

(13) योग एवं संतुलन में रू0 1800.00 का अधिक भुगतान वसूली योग्य :–

वर्ष 10–11 एवं 11–12 के छात्रवृत्ति भुगतान से संबंधित भुगतान अभिश्रव की जाँच में पाया गया कि अभिश्रव सं0 34(5) में सुन्दरम् कुमार एवं अन्य 8, वर्ग तृतीय, विद्यालय म0 वि0 डी0 बी0 कॉलोनी, सहरसा के भुगतान अभिश्रव में 40860.00 रू0 दर्शाया गया था तथा जिसका भुगतान दिनांक 16.2.11 में रोकड़ पुस्त में दर्ज है, अभिश्रवों की योग में पाया गया कि सुन्दरम् कुमार एवं अन्य 8को वास्तविक रूप से 39060.00 रू0 ही भुगतान किया जाना था, लेकिन भुगतान रू0 40860.00 का भुगतान कर दिया इस प्रकार 40860.00–39060.00 =1800.00 का अधिक भुगतान कर रोकड़ पुस्त में भी दर्ज कर लिया गया। इस प्रकार सम्बन्धित छात्र/छात्राओं को रू0 1800.00 का अधिक भुगतान कर दिया। अतएव सम्बन्धित व्यक्ति से रू0 1800.00 अधिक भुगतान की गई राशि वसूलकर की गई कार्रवाई से वित्त (अंकेक्षण) विभाग, बिहार, पटना को भी अवगत कराया जाय।

(14) सूद की राशि रू0 965649.00 जमा करने का सुझाव :–

सूद शीर्ष के सहायक रोकड़ पंजी की जाँच में पाया गया कि वर्ष 10–11 एवं 11–12 में विभिन्न बैंक खाता से भिन्न–भिन्न बैकों द्वारा विभिन्न तिथियों को सूद के रूप में राशि प्राप्त हुई थी जो लम्बी अवधि से सम्बन्धित सहायक रोकड़ पंजी के संवरण शेष में पड़ी हुई थी, जिससे इस राशि का दुरूपयोग की प्रबल संभावना बनी रहती हैं। अतएव रू0 965649.00 सम्बन्धित शीर्ष में चालान द्वारा कोषागार में जमा कर या सम्बन्धित विभाग को वापस कर वस्तु स्थिति से वित्त (अंकेक्षण) विभाग, बिहार, पटना को भी अवगत कराया जाय। पूर्ण विवरणी परिशिष्ट "त" पर अंकित हैं।

## भाग– 3

**(15) संवरण शेष में बिक्री कर/रायल्टी की राशि रू0 182154.00 कोषागार में जमा करने सुझाव :–**

बिक्री कर/रायल्टी सम्बन्धी सहायक रोकड़ पुस्त की जाँच में पाया गया कि विभिन्न प्रकार की योजनाओं में सम्बन्धित अभिकर्त्ताओं से बिक्री कर एवं रायल्टी की कटौती की राशि सम्बन्धित सहायक रोकड़ पुस्त के संवरण शेष के रूप में लंबी अवधि से पड़ी थी। बिक्री कर की राशि 113513.00 एवं रायल्टी की राशि रू0 68641.00 अर्थात् 113513+68641.00=182154.00 राजस्व की राशि कोषागार में जमा करने हेतु अंकेक्षण आपत्ति निर्गत करने के पश्चात् अंकेक्षण समापन तिथि तक राशि यथावत् पड़ी थी। कुल रू0 182154.00 सम्बन्धित शीर्ष में चालान द्वारा जमा कर फलाफल से वित्त (अंकेक्षण) बिहार, पटना को भी अवगत कराया जाय। पूर्ण विवरणी परिशिष्ट "ञ" पर अंकित हैं ।

(16) (क) संवरण रोकड़ का भौतिक सत्यापन का सुझाव करने :–

बिहार कोषागार नियामावली भाग–1 के नियम 86 के अनुसार रोकड़ का दिन प्रतिदिन लिखना एवं प्रत्येक माह के अन्त में रोकड़ का भौतिक सत्यापन कर इसका आशय रोकड़ पुस्त पर अंकित करना अनिवार्य है, किन्तु पूरे वित्तीय वर्ष में रोकड़ का भौतिक सत्यापन प्रत्येक माह के अन्त में अंकित नहीं पाया गया, इससे रोकड़ के गबन/दुर्विनियोग की प्रबल संभावना बनी रहती है जो गंभीर चिन्ता का विषय हैं। भविष्य में उक्त नियम पालन करने का सुझाव दिया जाता हैं।

(ख) आवंटन एवं व्यय का केन्द्रीयकृत संधारण करने का सुझाव :–

आवंटन एवं व्यय पंजी की जाँच में पाया गया कि सभी मदों /शीर्षो का आवंटन एवं व्यय पंजी अलग–अलग संधारित की गयी थी। जिससे वास्तविक रूप से कितना आवंटन प्राप्त हुआ तथा उसमें से कितनी राशि का व्यय किया गया, उसकी जाँच अलग–अलग आवंटन पंजी से ही हो पाता हैं। अगर केन्द्रीय कृत आवंटन एवं व्यय पंजी का संधारण किया गया होता तो एक ही पंजी से आवंटन एवं व्यय पंजी की स्थिति की स्पष्टतः जानकारी हो पाती। अतः सुझाव है कि केन्द्रीयकृत आवंटन एवं व्यय पंजी का संधारण किया जाय।

(ग) भंडार का वार्षिक एंव सामयिक भौतिक सत्यापन करने का सुझाव :–

भंडार का वार्षिक एवं सामयिक भौतिक सत्यापन प्रति वर्ष होना चाहिए जैसा कि बिहार वित्तीय नियमावली खण्ड–1 के नियम 143 तथा उसका प्रमाण–पत्र सम्बन्धित अभिलेखों के उक्त नियम 144 के अनुसार होना चाहिए, जिससे स्पष्ट हो सके कि भंडार में कौन सी वस्तुएँ कब से कितनी मात्रा में उपलब्ध हैं। कोई सी सामग्री उपयोगी एवं

कौन सी वस्तु अनुपयोगी हो चुकी हैं। तदनुसार कारवाई कर नियमानुसार भंडार पंजी परन्तु अंकेक्षणावधि में ऐसा नहीं किया गया था। भविष्य में इस पर ध्यान दिया जाय। भविष्य में छात्रवृत्ति मद का भुगतान पंचायत स्तर पर करने का सुझाव दिया जाता है साथ ही पंचायत स्तर पर इस राशि का संधारण किया जाना अपेक्षित है इस पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता हैं।

उप लेखा नियंत्रक

वित्त (अंकेक्षण) विभाग,बिहार, पटना।

<u>मिलान एवं शुद्धिकर्त्ता का नाम एवं पदनाम</u>

(1) शिव नाथ कुमार प्रसाद

(2)

**परिशिष्ट 'क' अंकेक्षण प्रतिवेदन की कंडिका "ट" से सम्बन्धि**

**अंकेक्षण में प्रस्तुत एवं अप्रस्तुत अभिलेखों की सूची :—**

1. विपत्र पंजी
2. सामान्य रोकड़ पंजी
3. वेतन भुगतान पंजी (शीर्ष 2515(10)) एवं 102
4. अग्रिम पंजी
5. आकस्मिक व्यय से सम्बन्धित अभिश्रव
6. इंदिरा आवास से सम्बन्धित अभिलेख (अपूर्ण)
7. छात्रवृत्ति भुगतान से सम्बन्धित अभिलेख (अपूर्ण)
8. सहायक रोकड़ पुस्त :—

1. शीर्ष 2515 पंचायत
2. शीर्ष 2235 सा0 सु0
3. शीर्ष 2053 जि0 प्र0
4. शीर्ष रायल्टी एवं वाणिज्य कर सहायक रोकड़ पुस्त
5. शीर्ष 10 वीं एवं 12 वीं वित्त आयोग
6. शीर्ष सांसद योजना
7. शीर्ष विधायक योजना
8. शीर्ष एस0 जी0 एस0 वाई0
9. शीर्ष इंदिरा आवास योजना
10. शीर्ष बी0 आर0 जी0 एफ योजना
11. शीर्ष 2225 कल्याण
12. शीर्ष एम0 एल0 सी0 योजना

13. शीर्ष निर्वाचन
14. शीर्ष कन्या विवाह योजना
15. शीर्ष जमानत
16. शीर्ष स्थायी अग्रिम
17. शीर्ष पी0एल0 एकाउट
18. शीर्ष 2071 पेंशन
19. शीर्ष डी0 आर0 डी0ए0
20. शीर्ष साक्षरता
21. शीर्ष स्वास्थ्य उपकेन्द्र

## परिशिष्ट 'ख' कंडिका –3 से संबंधित

## आवंटन एवं व्यय विवरणी वर्ष 10–11

| क्र0 सं0 | शीर्ष/मद का नाम | आवंटन | व्यय | अधिक व्यय | कम व्यय | प्रत्यार्पित राशि | प्रत्यापर्ण का पत्रांक एवं दिनांक | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2515 प्रखण्ड स्थापना | | | | | | | |
| | जीवन यापन भत्ता | 791000.00 | 626881.00 | शून्य | 164119.00 | 164119.00 | 515–(2) दि0– 31.3.11 | |
| | वेतन | 2260000.00 | 1456123.00 | शून्य | 803877.00 | 798947.00 | | |
| | मकान किराया भत्ता | 286000.00 | 142323.00 | शून्य | 143677.00 | 143677.00 | | |
| | चिकित्सा भत्ता | 40100.00 | 20016.00 | शून्य | 20084.00 | 20084.00 | | |
| | वर्दी धुलाई भत्ता | शून्य | 2130.00 | 2130.00 | शून्य | शून्य | | |
| | चालक भत्ता | शून्य | 2800.00 | 2800.00 | शून्य | शून्य | | |
| | अन्य भत्ता | 5850.00 | 1536.00 | शून्य | 4314.00 | 4314.00 | | |
| | कार्यालय व्यय | 81600.00 | 17322.00 | शून्य | 64278.00 | 64278.00 | | |
| | यात्रा भत्ता | 19300.00 | 3272.00 | शून्य | 16028.00 | 16028.00 | | |
| | वाहन रख रखाव | 83000.00 | 16504.00 | शून्य | 66496.00 | 66496.00 | | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ईंधन | | | | | | | |
| | दूरसंचार | 13600.00 | 5909.00 | शून्य | 7691.00 | 7691.00 | | |
| | विद्युत | 9400.00 | शून्य | शून्य | शून्य | 9400.00 | | |
| | वर्दी भत्ता | 3980.00 | शून्य | शून्य | शून्य | 3980.00 | | |
| | किराया महसूल | 5000.00 | शून्य | शून्य | शून्य | 5000.00 | | |
| 2 | 2515(102) वेतन | 288000.00 | 57339.00 | शून्य | 230661.00 | 230661.00 | 516.2<br>31.3.11 | |
| 3 | 2515 (101) ग्रामीण विकास | | | | | | | |
| | वेतन | 1228344.00 | 895526.00 | शून्य | 332818.00 | 310999.00 | 524–2 / 31.3.11 | मकान किराया एवं चिकित्सा मद में अधिक व्यय वेतन मद की राशि में से रू0 21819.00 व्यय की गई। |
| | जीवन यापन भत्ता | 429920.00 | 323728.00 | शून्य | 106192.00 | 106192.00 | " | |
| | मकान किराया भत्ता<br>चिकित्सा भत्ता | 61412.00<br>12272.00 | 81335.00<br>14168.00 | 19923.00<br>1896.00 | शून्य<br>शून्य | शून्य<br>शून्य | | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2053 राज्य भाषा | | | | | | | |
| | वेतन | 594400.00 | 507996.00 | शून्य | 86404.00 | 86404.00 | 525–2/31.3.11 | |
| | जीवन यापन भत्ता | 265900.00 | 207704.00 | शून्य | 58196.00 | 58196.00 | '' | |
| | मकान किराया भत्ता | 56700.00 | 50806.00 | शून्य | 5894.00 | 5894.00 | '' | |
| | चिकित्सा भत्ता | 7200.00 | 6464.00 | शून्य | 736.00 | 736.00 | '' | |
| 5 | 2015 निर्वाचन | | | | | | | |
| | कार्यालय व्यय | 190000.00 | 190000.00 | शून्य | शून्य | शून्य | | |
| | यात्रा मद | 20000.00 | 20000.00 | शून्य | शून्य | शून्य | | |
| 6 | 3454 जनगणना | | | | | | | |
| | कार्यालय व्यय | 3000.00 | 3000.00 | शून्य | शून्य | शून्य | | |
| | मकान सूचीकरण | 1115700.00 | 1115700.00 | शून्य | शून्य | शून्य | | |
| | प्रशिक्षण व्यय | 253500.00 | 253500.00 | शून्य | शून्य | शून्य | | |

## परिशिष्ट 'ख' कंडिका –3 से संबंधित

## आवंटन एवं व्यय विवरणी वर्ष 2011–12

| क्र0 सं0 | शीर्ष / मद का नाम | आवंटन | व्यय | अधिक व्यय | कम व्यय | प्रत्यार्पित राशि | प्रत्यापर्ण का पत्रांक एवं दिनांक | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2053 जिला प्रशासन | | | | | | | |
| | वेतन | 654000.00 | 650823.00 | — | 3177.00 | 3177.00 | 567–2 / 30.3.12 | |
| | जीवन यापन भत्ता | 395000.00 | 332396.00 | — | 62604.00 | 62604.00 | " | |
| | मकान किराया भत्ता | 96000.00 | 58626.00 | — | 37374.00 | 37374.00 | " | |
| | चिकित्सा भत्ता | 6300.00 | 7200.00 | 900.00 | — | — | " | |
| 2 | 2515 (102) | | | | | | | |
| | वेतन | 1838390.00 | 1836966.00 | — | 1424.00 | 1424.00 | 568–2 / 30.3.12 | |
| | जी0 या0 भ0 | 878682.00 | 878131.00 | — | 551.00 | 551.00 | " | |
| | मकान किराया भत्ता | 283324.00 | 152406.00 | — | 130828.00 | 130828.00 | " | |
| | चिकित्सा भत्ता | 38526.00 | 21018.00 | — | 17508.00 | 17508.00 | " | |
| | अन्य मद | 11235.00 | शून्य | — | 11235.00 | 11235.00 | " | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कार्यालय व्यय | 84270.00 | 84268.00 | — | 02.00 | 02.00 | " | |
| | यात्रा भत्ता | 18727.00 | 4100.00 | — | 14627.00 | 14627.00 | " | |
| | वाहन एवं ईंधन | 93633.00 | 93632.00 | — | 01.00 | 01.00 | " | |
| | दूरभाष | 9363.00 | 9363.00 | — | शून्य | शून्य | " | |
| | विद्युत | 5150.00 | 1569.00 | — | 3581.00 | 3581.00 | " | |
| | वर्दी | 7958.00 | 6518.00 | — | 1440.00 | 1440.00 | " | |
| | किराया महसूल | 3745.00 | शून्य | — | 3745.00 | 3745.00 | " | |
| 3 | 3454 जनगणना | | | | | | | |
| | व्यवसायिक एवं विशेष सेवाएँ | 1559300.00 | 1072200.00 | — | 487100.00 | 487100.00 | 6642 / 31.3.12 | |
| | प्रशिक्षण व्यय | 3000.00 | 3000.00 | — | — | — | " | |
| | कार्यालय व्यय | 1500.00 | 1500.00 | — | — | — | " | |
| 4 | 2015 पंचायत ग्राम निर्वाचन | | | | | | | |
| | यात्रा भत्ता | 1164785.00 | 1164265.00 | — | 520.00 | 520.00 | 659—2 / 31.3.12 | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कार्यालय व्यय | 9000.00 | 8994.00 | — | 6.00 | 6.00 | " | |
| 5 | 2015 विधान सभा निर्वाचन | | | | | | | |
| | मानदेय (बी0 एल0 ओ0) | 440740.00 | 440680.00 | — | 60.00 | 60.00 | 660—2/ 31.3.12 | |
| 6 | 2235 सा0 सु0 | | | | | | | |
| | सामान्य धरक | 172500.00 | 172500.00 | — | शून्य | शून्य | 663—2/ 31.3.12 | |
| | अनु0 जाति | 69000.00 | 69000.00 | — | शून्य | शून्य | " | |
| 7 | 2515 अन्य ग्रा0 वि0 कार्य0 वेतन | 270000.00 | 259367.00 | — | 10633.00 | 10633.00 | " | |
| 8 | 2515 (101) | | | | | | | |
| | वेतन | 2807908.00 | 2719851.00 | — | 8897.00 | 8897.00 | 570—2/30. 3.12 | |
| | जी0 या0 भ0 | 1374972.00 | 1213160.00 | — | 161812.00 | 161812.00 | " | |
| | मकान किराया भत्ता | 147943.00 | 223363.00 | 75420.00 | — | — | " | |
| | चिकित्सा भत्ता | 28771.00 | 32511.00 | 3470.00 | — | — | " | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अन्य मद | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | " | |

## परिशिष्ट 'ख' कंडिका –3 से संबंधित :–

## वर्ष –10–11

## विभिन्न योजनान्तर्गत प्राप्त आय एवं व्यय विवरणी वर्ष 10–11

| क्र0 सं0 | मद का नाम | प्रारम्भण शेष | आय | व्यय | संवरण शेष | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सांसद / विधायक योजना | 5017541.18 | 229000.00 | 462193.00 | 4784348.18 | |
| 2 | बी0 आर0 जी0 एफ | 3055219.00 | 1336000.00 | 1724448.00 | 2666771.00 | |
| 3 | इंदिरा आवास | 19985900.00 | 91057800.00 | 103976286.00 | 7067414.00 | |
| 4 | 2235 कन्या विवाह योजना | – | 2840000.00 | 2840000.00 | शून्य | |

## परिशिष्ट 'ख' कंडिका –3 से संबंधित :–

## वर्ष –11–12

### विभिन्न योजनान्तर्गत प्राप्त आय एवं व्यय विवरणी वर्ष 11–12

| क्र0 सं0 | मद का नाम | प्रारम्भण शेष | आय | व्यय | संवरण शेष | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सांसद / विधायक योजना | 4784348.18 | शून्य | 257703.00 | 4526645.18 | |
| 2 | बी0 आर0 जी0 एफ | 2666771.00 | 2400050.00 | 1353903.00 | 3712918.00 | |
| 3 | इंदिरा आवास | 7067414.00 | 104663798.00 | 84991870.00 | 26739342.00 | |
| 4 | 2235 कन्या विवाह (शहरी) | – | 1000000.00 | 1000000.00 | शून्य | |

)

## परिशिष्ट 'ख' कंडिका 3(1) से संबंधित

## पिछड़ा/अतिपिछड़ा वर्ग का आंवटन एवं व्यय विवरणी वर्ष 11–12

| क्र0 सं0 | शीर्ष/मद का नाम | आंवटन | व्यय | अधिक व्यय | कम व्यय | प्रत्यार्पित राशि | प्रत्यार्पित पत्रांक एवं दिनांक | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अन्य पिछड़ा वर्ग प्रा0 एवं म0 वि0 198 ब्लॉक | 2.00 | 199980.00 | शून्य | 20.00 | 20.00 | | |
| | अन्य पिछड़ा वर्ग प्रा0 एवं म0 वि0 277 ब्लॉक | 6.00 | 599940.00 | शून्य | 60.00 | 60.00 | | |
| | अन्य पिछड़ा वर्ग उ0 वि0 197 ब्लॉक | 2.00 | 199980.00 | शून्य | 20.00 | 20.00 | | |
| | अन्य पिछड़ा वर्ग उ0 वि0 277 | 4.00 | 399960.00 | शून्य | 40.00 | 40.00 | | |
| | अन्य पिछड़ा वर्ग उ0 वि0 राज्यांश | 0.20 | 49500.00 | शून्य | 500.00 | 500.00 | | |
| | अन्य पिछड़ा वर्ग उ0 वि0 केन्द्रांश | 0.30 | | | | | | |
| | अन्य पिछड़ा वर्ग प्रा0 एवं म0 वि0 राज्यांश | 0.50 | 99900.00 | शून्य | 100.00 | 100.00 | | |
| | अन्य पिछड़ा वर्ग प्रा0 | 0.50 | | | | | | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | एवं म0 वि0 केन्द्रांश | | | | | | | |

)

## परिशिष्ट 'ख' कंडिका 'ड़'(1) से संबंधित

## पिछड़ा/अतिपिछड़ा वर्ग वर्ष 10–11 का आंवटन एवं व्यय विवरणी

| क्र0 सं0 | शीर्ष/मद का नाम | आंवटन | व्यय | अधिक व्यय | कम व्यय | प्रत्यार्पित राशि | प्रत्यार्पित पत्रांक एवं दिनांक | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2225 पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा की अं0 वि0 197 ग्राम पिछड़ा/अति पिछड़ा वर्ग 198 ग्रा0 | 90000.00<br>170000.00 | 89760.00<br>169920.00 | शून्य<br>शून्य | 240.00<br>80.00 | 249.00<br>80.00 | 526.2/<br>31.3.11 | |
| | पिछड़ा/अति पिछड़ा प0 वि0, म0 वि0 277 | 600000.00 | 599940.00 | शून्य | 60.00 | 60.00 | " | |
| | उ0 वि0 पिछड़ा/अति पिछड़ा (केन्द्र) | 18000.00 | 17820.00 | शून्य | 80.00 | 80.00 | " | |
| | प्रा0 वि0 पिछड़ी जाति एवं अति पिछड़ा | 30000.00 | 29880.00 | शून्य | 120.00 | 120.00 | " | |
| | उ0 वि0 पिछड़ी/अति पिछड़ा (राज्यअंश) | 18000.00 | 17820.00 | शून्य | 80.00 | 80.00 | " | |
| | प्रा0 वि0 पिछड़ा/अति पिछड़ा राज्यअंश | 30000.00 | 29880.00 | शून्य | 120.00 | 120.00 | " | |

## परिशिष्ट 'ख' कंडिका 'ड़'(1) से संबंधित

### छात्रवृत्ति मद (अनुसूचित जाति/अनु0 जन जाति का आवंटन एवं व्यय विवरणी वर्ष 10–11

| क्र0 सं0 | शीर्ष/मद का नाम | आंवटन | व्यय | अधिक व्यय | कम व्यय | प्रत्यार्पित राशि | प्रत्यार्पित पत्रांक एवं दिनांक | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2225 मुसहर भुइया | 15000.00 | 14760.00 | शून्य | 240.00 | 240.00 | 526–2/ 31.3.11 | |
| | 147 ब्लॉक पंचायत मुसहर जाति | 1500.00 | 1320.00 | शून्य | 180.00 | 180.00 | " | |
| | मुसहर भुईया जाति 277 | 47000.00 | 46500.00 | शून्य | 500.00 | 500.00 | " | |
| | अस्वच्छ कार्य 197 ब्लॉक पंचायत | 1500.00 | 1300.00 | शून्य | 200.00 | 200.00 | " | |
| | 198 ग्रा0 पं0 अस्वच्छ कार्य | 3000.00 | 3000.00 | शून्य | शून्य | शून्य | " | |
| | अस्वच्छ कार्य में लगें बच्चे 277 | 47000.00 | 46800.00 | शून्य | 200.00 | 200.00 | " | |
| | अनु0 जाति अनु0 जनजाति म0 वि0, उ0 वि0 | 70000.00 | 69960.00 | शून्य | 40.00 | 40.00 | " | |
| | अनुसूचित जनजाति प्र0 दि0 | 70000.00 | 69840.00 | शून्य | 160.00 | 160.00 | " | |
| | अनुसूचित जाति 277 | 160000.00 | 159960.00 | शून्य | 40.00 | 40.00 | " | |
| | अनु0 जाति उ0 वि0, म0 वि0 एवं मुसहर 197 | 360000.00 | 359700.00 | शून्य | 300.00 | 300.00 | " | |
| | अनुसूचित जाति 198 | 750000.00 | 749880.00 | शून्य | 120.00 | 120.00 | " | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अनु0 जाति प्र0 वि0, म0 वि0 277 | 1635000.00 | 1634940.00 | शून्य | 60.00 | 60.00 | '' | |
| | अनु0 जाति प्र0 वि0, म0 वि0 एवं उ0 वि0 198 | 50000.00 | 49680.00 | शून्य | 320.00 | 320.00 | '' | |
| | मुसहर जाति प्र0 वि0, म0 वि0 एवं उ0 वि0 277 | 202000.00 | 201960.00 | शून्य | 40.00 | 40.00 | '' | |

## परिशिष्ट 'ख' कंडिका 'ड़'(1) से संबंधित

## छात्रवृत्ति मद (अनुसूचित जाति/अनु0 जन जाति का आवंटन एवं व्यय विवरणी वर्ष 11–12

| क्र0 सं0 | शीर्ष/मद का नाम | आवंटन | व्यय | अधिक व्यय | कम व्यय | प्रत्यार्पित राशि | प्रत्यार्पित पत्रांक एवं दिनांक | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अनु0 जाति प्र0 वि0, म0 वि0 198 ग्राम पंचायत | 20.00 | 1999800.00 | शून्य | 200.00 | 200.00 | | |
| | अनु0 जाति 30 वि0 197 ब्लॉक | 15.12 | 1017000.00 | शून्य | 495000.00 | 495000.00 | | |
| | अनु0 जाति प्रा0 वि0, म0 वि0 उ0 वि0 277 | 36.91 | 3293000.00 | शून्य | 398000.00 | 398000.00 | | |
| | मुसहर जाति प्र0 वि0, म0 वि0 198 ग्रा0 पं0 | 6.42 | 642000.00 | शून्य | शून्य | शून्य | | |
| | मुसहर जाति उ0 वि0 197 ब्लॉक<br>मुसहर जाति प्रा0 वि0, म0 वि0 उ0 वि0 277 | 1.00<br>2.17 | 81000.00<br>216600.00 | शून्य | 19000.00<br>400.00 | 19000.00<br>400.00 | | |
| | अनु0 जाति प्रा0 वि0, म0 वि0 198 ग्रा0 पं0 | 11.10 | 810000.00 | शून्य | 300000.00 | 300000.00 | | |
| | अनु0 जाति प्रा0 एवं म0 वि0 277 | 5.00 | 300000.00 | शून्य | 200000.00 | 200000.00 | | |
| | मुसहर जाति प्रा0, म0 वि0 198 ग्रा0 पं0 | 2.10 | 210000.00 | शून्य | शून्य | शून्य | | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अस्वच्छ कार्य | 0.05 | 4400.00 | शून्य | 600.00 | 600.00 | | |
